For More Job News Visit : www.kscvaani.com

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई,जिला–दुर्ग,छत्तीसगढ़, इंडिया, 490001

भिलाई इस्पात संयंत्र में ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षण संलग्नता हेतु

1) भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा अप्रेंटिस अधिनियम 1961/1973 के अंतर्गत मात्र प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करने हेतु कुल 639 स्थान (ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु) एक वर्ष के लिए उपलब्ध हैं ।

S.No.	Trade	Bhilai Steel Plant						IOC-Rajhara					
		No. of Vacancy	OBC	SC	ST	EWS	UR	Total	OBC	SC	ST	EWS	UR
1	Welder	110	7	9	24	8	31	13	1	2	4	1	5
2	Electrician	110	7	12	29	9	37	15	1	2	5	1	6
3	Fitter	110	7	10	26	8	31	10	1	1	3	1	4
4	Machinist	60	3	7	19	6	24	8	0	1	3	1	3
5	Turner	50	3	5	13	4	16	8	0	1	3	1	3
6	COPA	60	3	5	13	4	17	5	0	1	1	1	2
7	Carpenter	12	1	1	4	1	5	2	0	0	1	0	1
8	Diesel Mechanic	10	0	1	3	1	4	5	1	0	2	0	2
9	RAC	10	1	1	3	1	3	2	0	0	1	0	1
10	Motor Vehicle Mechanic	10	0	1	3	1	4	5	0	1	1	1	2
11	Moulder	12	1	1	4	1	5	2	0	0	1	0	1
	Total	554	33	67	141	44	177	75	4	9	25	7	30
1	Medical Lab Tech.	10	1	1	3	1	4	0	0	0	0	0	0

2) पोर्टल में आवेदन करने की अंतिम तिथि : 06.03.2022
(आवेदक यह सुनिश्चित करे कि उनका ऑनलाइन आवेदन विज्ञापन अवधि में ही जमा हों। विज्ञापन अवधि के पूर्व अथवा बाद में जमा किये गए ऑनलाइन आवेदन पर विचार नही किया जायेगा)

3) यह अवसर अप्रेंटिस अधिनियम 1961/1973 (संशोधित) के तहत केवल प्रशिक्षण हेतु दिया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन किसी भी प्रकार का रोजगार देने के लिए उत्तरदायी नहीं है ।

4) प्रदर्शित सीटों की संख्या अस्थाई है व संलग्नता के समय में आवश्यकता के अनुरूप बदलाव हो सकता है ।

5) अप्रेंटिस अधिनियम 1961/1973 (संशोधित) के अनुसार उम्मीदवार ना ही पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा न ही वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा हो ।

6) भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा छात्रावास/आवास की सुविधा प्रदान नहीं की जायेगी । चयनित उम्मीदवार अपने आवास की व्यवस्था स्वयं करेंगे ।

7) छत्तीसगढ़ राज्य के उम्मीदवारों (छत्तीसगढ मूल निवासी) को प्राथमिकता दी जायेगी । परंतु यदि निर्धारित सीटों का कोटा चयन प्रक्रिया के दौरान नहीं भरा जा सका तो अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के आवेदन पर विचार किया जा सकता है ।

8) चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर होगी। चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रशिक्षार्थी को यात्रा भत्ता अथवा कोई भी अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

9) **उम्मीदवारी की पात्रता :–**
शासकीय एवं अशासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (एन सी व्ही टी) से उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन के पात्र होंगे। परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं अप्रेंटिस प्रशिक्षु के रुप में दाखिल होने के बीच का अंतर तीन वर्ष से अधिक न हो।

10) आवेदन करते समय निम्नांकित दस्तावेजों/परिपत्रों (क्र. अ से क्र. स तक)की स्कैन कापी स्वयं सत्यापित कर निम्नलिखित पोर्टल में अपलोड करें।

* पोर्टल एड्रेस : **https://www.apprenticeshipindia.gov.in/**

अ) फोटोग्राफ ब) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (एन सी व्ही टी) **certificate** एवं **consolidated** अंक सूची तथा दसवी बोर्ड की अंक सूची ।

स) **EWS** श्रेणी के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित कि गई,योग्यता व शर्तें लागु होगी।

द) मेडिकल लैब टेक्नीशियन ट्रेड के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं मे विज्ञान विषय (भौतिक विज्ञान,रसायन विज्ञान, व जीव विज्ञान) अनिवार्य है। यदि किसी उम्मीदवार का मेडिकल लैब टेक्नीशियन में डिप्लोमा कोर्स पूर्ण किया गया है तो उसे प्राथमिकता दिया जावेगा।

11) दस्तावेजों/परिपत्रों के प्रत्यक्ष सत्यापन हेतु उम्मीदवार **(shortlisted)** प्रशिक्षु को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए **e-Mail ID** या **contact number** पर सूचित किया जाएगा जिसके अनुसार उन्हे उपरोक्त सभी दस्तावेजों/परिपत्रों तथा मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट किसी भी शासकीय चिकित्सालय के चिकित्सक द्वारा प्रमाणित। शासकीय चिकित्सक का रजिस्ट्रेशन नंबर सील पर अंकित हों अथवा चिकित्सक के लेटर हेड पर अंकित हों। हस्तलिखित रजिस्ट्रेशन नंबर वाले प्रमाणपत्र स्वीकृत नही किये जायेंगे, जाति प्रमाण पत्र अनुसूचित जाति/जन जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए
(छत्तीसगढ राज्य द्वारा जारी किया हुआ, की मूल प्रति, छायाप्रति एवं 6 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित समय एवं स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा ।

12) ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं की संलग्नता हेतु वरीयता इस प्रकार होगी :–
अ. शासकीय प्रशिक्षण संस्थान (एन सी व्ही टी) के उम्मीदवार
ब. अशासकीय प्रशिक्षण संस्थान (एन सी व्ही टी) के उम्मीदवार ।

13) चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर होगी।
(मेरिट लिस्ट में पहले सभी शासकीय संस्थान के आवेदकों को स्थान दिया जाएगा। तत्पश्चात् गैर शासकीय संस्थान के आवेदकों को स्थान दिया जाएगा)

15) ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं की वृत्ति **(stipend)** का निर्धारण 'श्रम और रोजगार मंत्रालय' द्वारा समय–समय पर किया जाता है, देय होगा।

16) चयनित प्रशिक्षुओं को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए **e-mail ID / RDAT Portal** पर सूचित किया जाएगा, जिसके अनुसार प्रशिक्षु निर्धारित समय एवं स्थल पर उपस्थित होंगे।

17) चयनित प्रशिक्षुओं को पत्र जारी होने के अधिकतम दो सप्ताह के अंदर प्रशिक्षण कार्यालय पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक होगाए इस अवधि तक प्रशिक्षण कार्यालय पर न आने से प्रशिक्षु का चयन रद्द माना जाएगा।

18) सेल/बी.एस.पी. प्रशासन, आवेदक का चयन ना होने या बुलावा न मिलने पर जवाब देने के लिये उत्तरदायी नही होगा। जमा किये गए आवेदन के संबंध मे किसी भी व्यक्ति या संगठन से पत्राचार नही किया जाएगा।

सामान्य निर्देश :–

1. अपूर्ण आवेदन या ऐसे आवेदन जिसमें संदर्भित पत्रों का स्वयं सत्यापन नहीं किया गया है या ऐसे आवेदन जिसमें निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं किया गया है या ऐसे आवेदन जोकि निर्धारित समय पर जमा नहीं किए गए हैं, को निरस्त किया जायेगा।
2. चयन संबंधी सभी विषयों जैसे कि पात्रता आवेदन पत्र को मान्य या अमान्य करना, चयन प्रक्रिया को आंशिक या पूर्ण निरस्त करना आदि सभी संदर्भों में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा । रिक्त स्थानों को उम्मीदवार की पात्रता के अनुरूप चयन करने का निर्णय प्रबंधन के पास होगा । इस प्रक्रिया में किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार की दावा या आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. किसी भी उम्मीदवार की उम्मीदवारी सभी प्रमाण पत्रों के समुचित प्रमाणिकरण होने तक अस्थाई होगी। यदि उम्मीदवार द्वारा प्रबंधन को किसी भी प्रकार की गलत जानकारी दी जाती है या कभी भी पाई जाती है तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी।
4. सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे **RDAT portal** एवं अपने **e-Mail** की नियमित जाँच करते रहें।

ग्रेजुएट एवं टेक्नीशियन अप्रेंटिस प्रशिक्षण संलग्नता हेतु

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन अधिनियम 1961/1973 के अंतर्गत मात्र प्रशिक्षण का अवसर कुल 18 ग्रेजुएट इंजीनियर अप्रेंटिस प्रशिक्षु एवं 17 टेक्नीशियन अप्रेंटिस हेतु एक वर्ष के लिए उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनॉक : 06.03.2022

विस्तृत जानकारी निम्नलिखित पोर्टल के **announcement section** में उपलब्ध है।

पोर्टल एड्रेस :
https://portal.mhrdnats.gov.in/boat/login

विज्ञापन.क्र.-बीएसपी-18/21-22/दिनांक : 08.02.2022

पंजीकृत कार्यालय:इस्पात भवन,लोधी रोड,नई दिल्ली, 110003

Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454,Website: www.sail.co.in

हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल